# 15वें वित्त से औद्योगिक क्षेत्र की सड़कें बनेंगी: महापौर

## उद्यमी संवाद

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

अमौसी औद्योगिक क्षेत्र व सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र के उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों ने सोमवार को महापौर संयुक्ता भाटिया के साथ उद्यमी संवाद किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि 15वें वित्त से औद्योगिक क्षेत्र की सड़के बनेंगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम अधिकारियों को पैच वर्क कराने व नई सड़क के निर्माण के लिए एस्टीमेट बनाने का निर्देश दिया।

इसस पहले अमौसी औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष शिवशंकर अवस्थी ने बताया कि 10 वर्षों से भी अधिक समय से उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि अमौसी औद्योगिक क्षेत्र का नगर निगम में अबतक ट्रांसफर नही हो पाया है, जिस कारण यहां मूलभूत सुविधाओं की भी कमी है। उन्होंने कहा कि यदि इस क्षेत्र की समुचित कार्ययोजना बने तो यह एक मॉडल औद्योगिक क्षेत्र हो सकता है। इसपर अपर नगर आयुक्त अभय पांडेय ने बताया कि 20 अक्टूबर को मंडलायुक्त के समक्ष बैठक है। जिसमें यूपीएसआईडीसी, एनएचएआई व नगर निगम में कार्यों का बंटवारा किया जाएगा। इसके बाद हैंड ओवर की प्रक्रिया संभव हो सकेगी।

### समस्याएं बताईं

- उद्यमी संवाद में उद्यमियों ने महापौर के समक्ष रखी अपनी समस्याएं
- महापौर कराएंगी उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण, बनेंगी रोड, लगेंगी लाइटें

## व्यापारियों ने महंगाई पर रोक लगाने की मांग की

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार से भीषण महंगाई पर रोक लगाने की मांग की है। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल ने कहा कि रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली सभी वस्तुओं के दाम एक वर्ष में 40-50 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं।